दिनांक 08.09.2017

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ दिव्यांग शिविर में पंजीयन एवं परीक्षण हुए आवेदन पत्रो का तत्काल ऑनलाईन करवा कर यु.डी.आई.डी नम्बर प्रदान किया जावेगा जिसका लाभ हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं में मिलेगा । बांटे गये फार्म यदि शिविर में जमा नही होते है तो घर–घर सर्वे करे और फार्म भरवा कर जमा लेवें ।

उक्त निर्देश आयुक्त के.एल.चौहान ने **निःशक्तजन सशक्तिकरण अभियान अन्तर्गत** शासकीय हाई स्कुल कोहका में आयोजित दिव्यांग परीक्षण एवं पंजीयन शिविर का निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिये । उन्होने अभी तक आयोजित शिविर में पंजीयकृत हुए आवेदन पत्रो की जानकारी लेकर कहा कि निगम मुख्यालय में दिव्यांग हितग्राहियों के आवेदन पत्रो को एकत्र कर ऑनलाईन करें। ताकि शीघ्र ही युनिक आई.डी. नम्बर मिल सकें ।

श्री चौहान ने शिविर में आये दिव्यांग नोहन दास बंजारे से आने का कारण जनना चाहा तो उन्होने बताया कि आप ने यह शिविर लगा कर हम जैसो के लिए बहुत बडा काम किये है साहब जो काम यहां हो रहा है उसके लिए हमें कितना चक्कर लगाना पडता था । मैने ट्राईसायकल तथा लोन के लिए आवेदन किया है। शिविर स्थल पर ही निगम द्वारा किये गये फोटो ग्राफर की व्यवस्था का सभी ने प्रशंसा किये । ऐसे दिव्यांग जो शिविर स्थल पर स्वयं चल कर नही पहुंच पा रहे थे उनके लिए निगम द्वारा वाहन की व्यवस्था भी किया गया था ।

शिविर प्रातः10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया था जिसमें जोन 1 नेहरू नगर के वार्ड 7,8 एवं 9 तथा जोन 2 वैशाली नगर के वार्ड 10,11,13, एवं 14 में निवास करने वाले 293 दिव्यांग हितग्राहीं सहित अन्य वार्डो से आये 20 हितग्राहियों का पंजीयन एवं परीक्षण किया गया दिव्यांगता का प्रकार के अधार पर जांच हेतु अस्थि, कान, नाक,गला, मानसिक, मेडेसिन विभाग के डाक्टर श्रीमती रेणु तिवारी, राजीव चन्द्राकर,डा.स्वामी,वाधवानी एवं डा वाहरे उपस्थित थे । शिविर स्थल पर डिजिटल भुगतान सिस्टम को बढावा देने भी लोगो को जागरूक किया जा रहा था उसकी जानकारी दिया गया है । 15 सितम्बर को जोन 3 मदरटेरेसा नगर कैम्प 2 शारदापारा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में आयोजित किया गया है । जहां वार्ड 20 से 25 के दिव्यांग हितग्राही शामिल होकर अपना पंजीयन एवं परीक्षण करवा सकते है ।

शिविर में पार्षद राजेश प्रधान, रामानंद मौर्य, पूर्व पार्षद संतोष श्रीरांगे,महेश वर्मा,शिविर के नोडल अधिकारी मुकेश अग्रवाल,जोन आयुक्त बी.के. देवांगन,आर.के.पदमवार,समाज कल्यांण विभाग के उप संचालक धर्मेन्द्र साहू, सहायक अभियंता सुनील दुबे , संजय अग्रवाल,उप अभियंता के.के.गुप्ता, सहित राजस्व निरीक्षक, आगनबाडी कार्यकर्त्ता,मितानीन, जिला एवं सुपेला चिकित्सालय के चिकित्सक सहित निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे ।

जन सम्पर्क विभाग